आवश्यक सूचना

अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विक्रम विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ

विक्रम विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं प्रवेशार्थी

निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा यूजीसी से प्राप्त पत्र के तारतम्य में भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से विक्रम विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रवेश हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टी ए) के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने वाली कॉमन विश्वविद्यालयीन प्रवेश परीक्षा में वेबसाइट सीयूईटी डॉट समर्थ डॉट एसी डॉट इन https://cuet.samarth.ac.in के माध्यम से पंजीयन एवं लॉगिन कर ऑनलाइन सीयूईटी (यूजी) - 2022 CUET(UG) - 2022 हेतु विक्रम विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रवेश आवेदन आवेदन के लिए सीयूईटी स्नातक 2022 परीक्षा हेतु वेबसाइट के माध्यम से सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी ₹650, पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी ₹600, तथा अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थी ₹550 ऑनलाइन शुल्क जमा कराकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 6 मई 2022 है। प्रवेश परीक्षा की तिथि एनटीए द्वारा बाद में घोषित की जाएगी।

इस परीक्षा हेतु आवेदन करने से आवेदक विद्यार्थियों को यह लाभ होगा कि वे एक ही आवेदन के माध्यम से विक्रम विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अंतर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित स्नातक स्तर के चयनित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें यह भी सुविधा होगी कि इसी आवेदन से वे देश एवं प्रदेश के 60 से अधिक विश्वविद्यालयों के विभिन्न चयनित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक साथ पंजीकृत हो सकेंगे। आवेदक विद्यार्थी बी.ए. आनर्स अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, वाणिज्य संकाय के अंतर्गत बीकॉम ऑनर्स, बीबीए आनर्स, विज्ञान संकाय में गणित आनर्स, भौतिकशास्त्र आनर्स, जूलॉजी ऑनर्स, फूड टेक्नोलॉजी, फारेंसिक साइंस, फाइन आर्ट्स, बीपीईएस सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे।